# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




**19 June 2026**



Yesterday, Quiz:

**Q. राजस्थान के उच्च शिक्षा क्षेत्र में पहली बार गूगल क्लाउड के साथ मिलकर राज्य का पहला जेनरेटिव एआई कैंपस किस यूनिवर्सिटी में लॉन्च किया गया है?**

(A) विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी
(B) महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी
(C) पूर्णिमा यूनिवर्सिटी
(D) इनमें से कोई नही

राजस्थान के उच्च शिक्षा क्षेत्र में पहली बार विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी (वीजीयू) जयपुर ने गूगल क्लाउड के साथ मिलकर राज्य का पहला जेनरेटिव एआई कैंपस लॉन्च किया है।

- इस पहल के तहत विश्वविद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस,क्लाउड टेक्नोलॉजी और इंटेलिजेंट ऑटोमेशन को शिक्षा, शोध और नवाचार के केंद्र में रखा जाएगा।
- वीजीयू के सीईओ ओंकार बगारिया ने बताया कि इस पहल से विश्वविद्यालय के 19 हजार से अधिक छात्र, फैकल्टी और स्टाफ लाभान्वित होंगे।
- साथ ही 10 हजार से अधिक छात्रों को जेमिनी एंटरप्राइज फॉर एजुकेशन की सुविधा मिलेगी,
- विश्वविद्यालय परिसर में एक समर्पित गूगल सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस (सीओई) भी स्थापित किया जाएगा।

## Yesterday Revision

01. राजस्थान की तैराक दक्षिणा जोशी ने अहमदाबाद (गुजरात) में आयोजित सीनियर नेशनल तैराकी  चैंपियनशिप में रजत पदक जीता।

02. जयपुर स्थित 'राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज' (RUHS) अस्पताल को 'राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज' (RIMS) के रूप में चरणबद्ध तरीके से उन्नत (अपग्रेड) करने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

03. इंडिया स्टोन मार्ट 17 से 20 फरवरी, 2028 तक सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में आयोजित किया जाएगा

04. राजस्थान में 1 करोड 54 लाख 50 हजार 294 श्रमिक ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं

05. राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) की टेक्निकल कमेटी ने राजसमंद जिले स्थित कुंभलगढ़ वाइल्डलाइफ सेंचुरी को टाइगर रिजर्व घोषित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A) मेसालिना बिश्नोई (Mesalina bishnoi) थार मरुस्थल, राजस्थान में खोजी गई छिपकली की एक नई प्रजाति है।

(B) इस प्रजाति का नाम राजस्थान के प्रसिद्ध बिश्नोई समुदाय के सम्मान में रखा गया है।




**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

मेसालिना बिश्नोई (Mesalina bishnoi) थार मरुस्थल, राजस्थान में खोजी गई छिपकली की एक नई प्रजाति है। (बीकानेर के गजनेर क्षेत्र में) जून 2026 में वैज्ञानिकों ने इस नई खोज की घोषणा की, जो भारत में 'मेसालिना' वंश (Genus) की पहली प्रामाणिक और पुष्ट उपस्थिति को दर्शाती है।

इस प्रजाति का नाम राजस्थान के प्रसिद्ध बिश्नोई समुदाय के सम्मान में रखा गया है। यह समुदाय सदियों से पर्यावरण, वन्यजीवों और प्रकृति संरक्षण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है।

यह Mesalina वंश (Genus) की भारत में उपस्थिति का पहला प्रमाणित रिकॉर्ड है। मेसालिना लगभग 39.2 मिलीमीटर के छोटे आकार की होती है। इसका रंग भूरा या जैतूनी (olive-brown) होता है, जिस पर काले धब्बे और सफेद बिंदु होते हैं

यह मैसालिना वंश की अन्य प्रजातियों की तरह दिन में सक्रिय रहने वाली (diurnal) और बहुत तेज दौड़ने वाली छिपकली है

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) ) राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन (NCeG) का 29वाँ संस्करण 1 से 2 जुलाई 2026 को जयपुर में आयोजित होने जा रहा है।

(2) इससे पूर्व 28वाँ राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन 22 और 23 सितंबर 2025 को विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) में आयोजित किया गया था,

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

👁 राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन (NCeG) का 29वाँ संस्करण 1 से 2 जुलाई 2026 को जयपुर के राजस्थान अंतर्राष्ट्रीय केंद्र (RIC) में आयोजित होने जा रहा है।

👁 यह सम्मेलन देशभर के नीति-निर्माताओं, प्रशासनिक अधिकारियों और तकनीकी विशेषज्ञों को एक मंच पर लाता है जहाँ डिजिटल गवर्नेंस, नवाचार और नागरिक सेवाओं के भविष्य पर विचार-विमर्श किया जाता है

👁 इसका आयोजन प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (DARPG) और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) द्वारा संयुक्त रूप से किया जाता है।

👁 इस सम्मेलन में ई-गवर्नेंस में राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

इससे पूर्व 28वाँ राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन 22 और 23 सितंबर 2025 को विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) में आयोजित किया गया था,

03.राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम प्लेटफॉर्म) पर कृषि व्यापार और ई-ट्रेडिंग के मामले में राजस्थान ने देशभर में कौनसा स्थान हासिल किया है?

(A) तीसरा

(B) दूसरा

(C) पहला

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

👁️‍🗨️ राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम प्लेटफॉर्म) पर कृषि व्यापार और ई-ट्रेडिंग के मामले में राजस्थान ने देशभर में प्रथम स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि किसानों को पारदर्शी व्यापार और बेहतर मूल्य दिलाने की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर है

👁️‍🗨️ ई-व्यापार को बढ़ावा देने के लिए सभी एकल व्यापार लाइसेंस को एकीकृत लाइसेंस में बदलने की अनुमति देने वाला राजस्थान पहला राज्य है, जिससे व्यापारी राज्य की किसी भी मंडी में आसानी से व्यापार कर सकते हैं

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) राजस्थान में 18 जून से 4 अक्टूबर 2026 तक 108 दिवसीय 'राजस्थान योगा फेस्टिवल 2026' का आयोजन किया जाएगा।

(2) अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) 2026 में अपना 12वां संस्करण मना रहा है

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- योग,अध्यात्म और भारतीय संस्कृति के व्यापक प्रसार के उद्देश्य से 18 जून से 4 अक्टूबर 2026 तक 108 दिवसीय 'राजस्थान योगा फेस्टिवल 2026' का आयोजन किया जाएगा।
- वसुधैव कुटुम्बकम्-योग मानवता के लिए, वैश्विक सद्भाव के लिए" थीम पर आधारित यह आयोजन जनआंदोलन के रूप में संचालित होगा। अभियान का उद्देश्य योग, प्राणायाम, ध्यान, गीता, संस्कार, सेवा, भारतीय संस्कृति और मानवीय मूल्यों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना है।
- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) 2026 में अपना 12वां संस्करण मना रहा है।
- इस वर्ष के मुख्य राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के ऐतिहासिक रेड रोड पर किया जाएगा। इस वर्ष का मुख्य विषय (Theme) "स्वस्थ आयु के लिए योग" है।

**05. हाल ही में जोधपुर के उम्मेद भवन पैलेस में राज्य स्तरीय बड़ा बापजी स्नूकर लीग के कौनसे संस्करण का शुभारंभ 16 जून को किया गया?**

**(A) चौथे**

**(B) तीसरे**

**(C) छठे**

**(D) इनमें से कोई नही**

**Important Facts:**

👁 जोधपुर के उम्मेद भवन पैलेस में राज्य स्तरीय बड़ा बापजी स्नूकर लीग के चौथे संस्करण का शुभारंभ 16 जून को पूर्व नरेश गजसिंह ने किया।

👁 उन्होंने स्नूकर टेबल पर क्यू बॉल से निशाना साधकर कलर बॉल को हिट करते हुए प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया।

👁 यह लीग राज मारवाड़ खेल महोत्सव एवं राजस्थान बिलियर्ड्स और स्नूकर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है।

👁 प्रतियोगिता में राजस्थान के विभिन्न जिलों जयपुर, उदयपुर, भीलवाड़ा, अजमेर, सिरोही, पाली, जालोर और बीकानेर सहित अन्य जिलों के राष्ट्रीय स्तर के स्नूकर खिलाड़ी इसमें शामिल होंगे

जयपुर, बुधवार, 17 जून, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-118

1. **पचपदरा** स्थित एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी अब राजस्थान के किस जिले में आती है?
(A) बाड़मेर
(B) जालोर
(C) बालोतरा
(D) जैसलमेर

C

2. **'वीबी-जीरामजी'** के तहत ग्रामीण पात्र परिवारों को एक वित्तीय वर्ष में अब न्यूनतम कितने दिनों की रोजगार गारंटी का वैधानिक अधिकार दिया गया है?
(A) 100 दिन
(B) 110 दिन
(C) 125 दिन
(D) 150 दिन

C

3. **'सेई** बांध जल सुरंग' का मुख्य उद्देश्य किस बांध में पानी की आवक को बढ़ाना है?
(A) बीसलपुर बांध
(B) जवाई बांध
(C) राणा प्रताप सागर बांध
(D) माही बजाज सागर बांध

B

4. **जून** 2026 के आंकड़ों के अनुसार, राजस्थान में 'ई-श्रम पोर्टल' पर किस क्षेत्र के श्रमिकों का सर्वाधिक पंजीकरण हुआ है?
(A) निर्माण क्षेत्र
(B) वस्त्र एवं परिधान उद्योग
(C) कृषि क्षेत्र
(D) गिग वर्कर्स

C

5. **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत बून्दी जिले की उपज कौन सी है?
(A) मक्का (B) लहसुन
(C) चावल (D) आम

C

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. हाल ही में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की टेक्निकल कमेटी ने किस जिले में स्थित कुंभलगढ़ वाइल्डलाइफ सेंचुरी को टाइगर रिजर्व घोषित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है?**

(A) उदयपुर

(B) राजसमंद

(C) चित्तौड़गढ़

(D) इनमें से कोई नही

SEARCH ENGINE

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine